Demand to include the Darang District on the Rail Line Map and also to start a special train to the District

श्री दिलीप शइकीया **(मंगलदोई):** माननीय सभापति जी, मैंने इससे पहले भी कई बार सदन में यह मुद्दा उठाया है कि मेरे लोकसभा संसदीय क्षेत्र में दरंग डिस्ट्रिक्ट, जो कि नोडल डिस्ट्रिक्ट भी है, अभी तक रेल लाईन की कोई कनैक्टिविटी नहीं है। मैं इस विषय को बार-बार उठा रहा हूं, सुना है इसका सर्वे भी हो गया है। मैं जानना चाहता हूं कि इसका स्टेटस क्या है? मैं आपसे निवेदन करता हूं कि दरंग डिस्ट्रिक्ट को रेल लाईन मैप में सम्मिलित किया जाए।

31 दिसंबर और 1 जनवरी, 2024 में देवघर में ऋत्विक कांफ्रेंस हो रही है। नॉर्थ-ईस्ट से काफी संख्या में डिवोटीज़ आते हैं, उनके लिए 29 दिसंबर को डिब्रूगढ़ से 3 जनवरी को देवघर से गुवाहाटी तक स्पेशल ट्रेन की व्यवस्था की जाए। इस संदर्भ में जनरल मैनेजर एनएफ रेलवे से भी एक प्रपोजल आया हुआ है। मैं माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि स्पेशल ट्रेन की व्यवस्था की जाए।